LNMUonline.com

Hindi (Hons.) Paper-II

सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें : 15 x 3 = 45

(क) विद्यापति की भक्ति-भावना की विशेषताएँ बतावें।

(ख) कबीर की पांखड-विरोधी दृष्टि पर प्रकाश डालें।

(ग) 'बालकांड' के आधार पर राम-सीता के प्रथम प्रेम का वर्णन करें।
अथवा, पुष्पवाटिका के प्राकृतिक सौन्दर्य का निरूपण करें।

(घ) सूर के भ्रमरगीत का साहित्यिक सौन्दर्य निरूपित करें।

(ङ) बिहारी के सौन्दर्य वर्णन की विशेषताएँ बतावें।

2. निम्नलिखित में से किसी एक अवतरण की सप्रसंग व्याख्या करें : 15

(क) थके नयन रघुपति छबि देखें। पलकन्हिहूँ परिहरीं निमेषें।
अधिक सनेह देह भै भोरी। सरद ससिहि जनु चितव चकोरी।।

(ख) जब मैं था तब गुरू नहीं अब गुरू है हम नाहिं।
प्रेमगली अति साँकरी तामें दो न समाहिं।।

(ग) बिहँसि कह्यौ हम तुम नहिं अन्तर, यह कहिकै उन ब्रज पठई।
'सूरदास' प्रभु राधा माधव, ब्रज-बिहार नित नई-नई।।

(घ) तंत्रीनाद कवित्तरस, सरस राग रति रंग।
अनबूड़े, बूड़े, तिरे, जे बूड़े सब अंग।।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर टिप्पणियाँ लिखें : 5 x 4 = 20

(क) घनानंद की कविता में भक्ति

(ख) घनानंद की कविताई

(ग) रसखान के कृष्ण

(घ) रसखान का ब्रजभूमि-प्रेम

(ङ) नीतिकाव्य-परम्परा में रहीम

(च) रहीम का जीवन-वृत्त

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें : 2 x 10 = 20

(क) 'खेलन कवि' किसे कहा गया है? (ख) शिव ने मिथिलांचल के किस कवि के यहाँ नौकरी की थी? (ग) कबीर के गुरु कौन थे? (घ) कबीर किसके कवि थे? (ङ) सूरदास के गुरु कौन थे? (च) उद्धव किस मार्ग के समर्थक थे? (छ) बिहारी के आश्रयदाता राजा कौन थे? (ज) रीतिकाल में प्रेम की पीर का कवि किसे कहा जाता है? (झ) रहीम ने मुख्यतया किस विषय से संबंधित दोहे लिखे हैं? (ञ) रसखान का मूल नाम क्या है? LNMUonline.com